卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 333 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦8 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था में न हो ढिलाई: सीएम

## बरसात के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने और चारधाम यात्रा को सुचारु कराने पर जोर



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसुविधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरसात समाप्त होते ही मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों हेतु प्रशासनिक मशीनरी एक्टिव मोड में कार्यरत रहे। वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। फसलों, पेय जल लाइन एवं सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। नदी-नालों के पास निर्माण की अनुमति पर प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जाए। प्रतिबंधों का अनुपालन न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को मानकानुसार त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जिला अधिकारी समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण करें और विभिन्न व्यवस्थाओं का आकलन करें। डेंगू, मलेरिया और अन्य जल जनित रोगों से बचाव के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में स्वास्थ्य( शेष पृष्ठ सात पर)

# बाईकों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत, दो गंभीर



देहरादून ( उद संवाददाता)। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात बंशीपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा- तफरी मच गई और पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की पुष्टि करते हुए विकास नगर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक राठौड़ ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्थान मार्बल के पास दो बाइक आमने-सामने टकरा गई हैं। सूचना मिलते ही ( शेष पृष्ठ सात पर)

# गौला नदी में मिला लापता टेम्पो चालक का शव

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। छह सितम्बर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए टेम्पो चालक का शव गौला नदी से बरामद कर लिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार हल्दूचौड़ के देवरामपुर गेट के निकट पुलिस 112 सहायता सेवा को सूचना मिली कि गौला नदी में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के पास नमकीन, गिलास और शराब बरामद हुई। ग्रामीणों द्वारा मृतक की शिनाख्त 42 वर्षीय सूरज सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी नारायण पुरम के रूप में की गई। जो टैम्पो चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। उसके दो बच्चे हैं और वह एकमात्र अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाला था। घटना के सूचना मिलने पर मृतक सूरज के परिजन भी आ गया और सूरज का शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक सूरज के परिवार द्वारा 6 सितम्बर की शाम को चौकी में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि सूरज सिंह सुबह से घर नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और रात 9:30 से 10 बजे के बीच देवरामपुर गेट के निकट ( शेष पृष्ठ सात पर)

# मांगों को लेकर दिव्यांगों ने किया सीएम आवास कूच





देहरादून। पेंशन बढ़ाने और रोजगार उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। कूच के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हाथी बड़कला में रोकने की कोशिश की, लेकिन दिव्यांग बैरिकेडिंग तोड़कर मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए और वहाँ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास के सामने सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने का आह्वान किया। दिव्यांगों ने स्पष्ट कहा कि उनकी पेंशन को वर्तमान 1500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति माह किया जाए। इसके साथ ही बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराने और रोजगार के अवसर प्रदान करने जैसी मांगें भी रखी गईं। काफी देर तक नारेबाजी और हंगामे के बीच स्थिति को संभालने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन दिव्यांग अपनी मांगों पर अडिग रहे। इसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर मुख्यमंत्री आवास के सामने से हटाया। प्रदर्शन में दिव्यांगों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। बताया गया कि उत्तराखंड के अलग-अलग जिलोंसे दिव्यांग जन देहरादून पहुंचे और समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने के लिए सड़कों पर उतरे। दिव्यांगों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी जायज मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# आपदा से हुई क्षति का जायजा लेने पहुंची केंद्रीय टीम



देहरादून। राज्य में हाल ही में आई आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम सोमवार को उत्तराखंड पहुँची। सुबह राजधानी देहरादून स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने टीम के साथ बैठक की और विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अब तक की क्षति की जानकारी दी।बैठक के बाद केंद्रीय टीम विभिन्न जिलों के लिए रवाना हुई। टीम आगामी दो दिनों तक आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी और मौके पर जाकर स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेगी। इस दौरान टीम न केवल आपदा से प्रभावित स्थलों का निरीक्षण करेगी, बल्कि प्रभावित लोगों से भी बातचीत करेगी, ताकि वास्तविक परिस्थितियों और समस्याओं को समझा जा सके।जिलों में दौरे के बाद संबंधित जिला प्रशासन भी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी केंद्रीय टीम को देगा। सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि टीम को आपदा से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।दौरे के उपरांत केंद्रीय टीम देहरादून लौटकर एक समापन बैठक करेगी, जिसमें प्रदेश में आपदा से हुई क्षति और पुनर्वास की आवश्यकता पर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# हाईवे पर हादसों के खिलाफ फूटा गुस्सा

## समर्थकों सहित धरने पर बैठे ब्लाक प्रमुख और ज्येष्ठ प्रमुख



रामनगर( उद संवाददाता)।राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीरूमदारा और टांडा के बीच बने डिवाइडर पर लाइट और रिफ्लेक्टर न होने से यहां हर राहगीर और वाहन चालक की सुरक्षा खतरे में है। रात के अंधेरे में ड्राइवरों को डिवाइडर का पता तक नहीं चलता, जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। शनिवार रात इसी जगह एक बड़ी दुर्घटना में संभल के एसडीएम और उनकी डॉक्टर पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर जिम्मेदार विभागों की लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते छह महीनों में पीरूमदारा क्षेत्र में अब तक 24 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। स्थिति से क्षुब्ध स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ठोस कार्रवाई की मांग तेज कर दी है। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ( शेष पृष्ठ सात पर)

# दरऊ गोलीकांड मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। पुलिस ने दरऊ गोलीकांड मामले में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राहत खान पुत्र लिताफत खान निवासी ग्राम दरऊ थाना किच्छाके रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को दरऊ गांव में गोलीकांड की वारदात हुई थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। घटना के बाद से कई आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को पुलिस टीम ने राहत खान को घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के परिजनों और ( शेष पृष्ठ सात पर)

# तमंचे के साथ वीडियो वायरल करना महंगा पड़ा, दो गिरफ्तार



रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर तमंचे में कारतूस लोड करने की वीडियो वायरल हो रही थी। इस मामले में पुलिस ने चिन्हित कर आरोपी को मय तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथ एक युवक को भी चाकू समेत पकड़ा है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हो रही। उस वीडियो में युवक तमंचे में कारतूस लोड कर रहा था। वायरल वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेकर चिन्तित की कार्रवाई शुरू की। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ गश्त कर रहे। तभी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक एफएसएल जाने वाले रोड पर घूम रहे हैं। वह वहीं युवक है,जिसकी तमंचे में कारतूस लोड कर रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां खड़े युवक पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने दोनों युवकों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में ( शेष पृष्ठ सात पर)

# फौजी मटकोटा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष,कई घायल

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। रविवार की रात्रि ग्राम फौजी मटकोटो में किसी बात को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष छिड़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे व लात घूंसे बरसाये। घटना में कई लोगों को चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जिनमें एक की हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर सायं ग्राम फौजी मटकोटा में बाहरी क्षेत्रों से आए कुछ युवकों ने किसी विवाद के चलते स्थानीय निवासी गौतम गिरी को घेरकर उस पर लाठी डंडों व लात घूसों से हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर कई लोग गोपाल को बचाने आ पहुंचे हमलावरों ने उनसे भी मारपीट शुरू कर दी। बताया जाता है कि इस घटना में 24 वर्षीय गौतम गिरी पुत्र रघुवीर गिरी, 21 वर्षीय दीपक कुमार पुत्र विनोद व 28 वर्षीय विजय गिरी पुत्र पप्पू को गंभीर चोटें आ गई। भीड़ इकट्ठी होते देख हमलावर वहां से भाग खड़े हुए। तीनों घायलों को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां विजय गिरी की हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामलें की जांच शुरू कर दी है।

# जौनसार आरक्षण घोटाला: गैरकानूनी तरीके से दिए एसटी सर्टिफिकेट

## आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी का खुलासा: उत्तराखंड में एसटी के रूप में पाँच जनजातियाँ मान्य

देहरादून। आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने दावा किया है कि जौनसार अनुसूचित जनजाति क्षेत्र नहीं है। इस क्षेत्र को कोई एसटी का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महज पांच ही जनजातियां हैं। ऐसे में जौनसार के ब्राह्मण, राजपूत और खस्याओं को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इन जातियों को निर्गत किये गये अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्र अवैध हैं। एडवोकेट नेगी कहा कि जौनसार के नेताओं वहां की जनता को छला है। इसका खमियाजा प्रदेश के बेरोजगार भुगत रहे हैं। नेताओं की जालसाजी के कारण प्रदेश के सामान्य वर्ग के युवाओं के हकों पर डाका पड़ा है। आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने दस्तावेजों के आधार पर कहा है कि जौनसार को अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल नहीं है। उन्होंने कहा कि 1965 में भारत सरकार द्वारा डेप्लवमेंट ऑफ सोशल सोसायटी दिनांक 25 अगस्त 1965 में बीएन लोकुर की अध्यक्षता में लोकुर समिति का गठन किया गया। इसे सामान्यत: "लोकुर समिति रिपोर्ट" कहा जाता है। भारत सरकार ने 1965 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सूची का पुनरीक्षण करने के लिए एक समिति गठित की थी। इस समिति का कार्य था कि 1950 के राष्ट्रपति आदेशों (अनुसूचित जाति आदेश 1950 एंव अनुसूचित जनजाति आदेश 1950) की समीक्षा करे और यह देखे कि किन जातियों/जनजातियों को सूची में शामिल या बाहर किया जाना चाहिए। समिति ने अपने कार्य में भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक आधारों पर विचार किया। उत्तर प्रदेश (जिसमें उस समय उत्तराखंड भी सम्मिलित था) के संदर्भ में लोकुर समिति ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की स्थिति बहुत सीमित है। समिति ने कुछ ही जनजातियों को मान्यता देने की संस्तुति की, क्योंकि बाकी जनसंख्या सामान्य जातियों में आती थी। राष्ट्रपति के 24 जून 1967 के आदेश में उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड सहित) के लिए केवल पाँच जनजातियों को अनुसूचित जनजाति घोषित किया गया। 24 जून 1967 के आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड सहित) में केवल पाँच जनजातियाँ (भोटिया, बुक्सा, जनसारी, राजी और थारू) एसटी हैं। अत: राजस्व अधिकारी इन्हीं पाँच जातियों को प्रमाणपत्र जारी करने की अनुशंसा कर सकते हैं। वर्तमान उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में जब 2000 में उत्तराखंड राज्य बना तो अनुसूचित जनजातियों की वही सूची लागू हुई जो पहले उत्तर प्रदेश में लागू थी। यानी आज भी उत्तराखंड में एसटी के रूप में यही पाँच जनजातियाँ मान्य हैं। बाद में कुछ केंद्र सरकार की समितियों (जैसे कर्मा आयोग, 2002 और अन्य सामाजिक न्याय मंत्रालय की सिफारिशें) ने एसटी सूची विस्तार पर विचार किया, परंतु संसद द्वारा संविधान (अनुसूचित जनजातियाँ) आदेश में संशोधन किए बिना कोई नई जाति इसमें नहीं जुड़ सकती। किसी नई जाति/उपजाति को एसटी मानने के लिए संसद में विधेयक पारित करना आवश्यक है। राष्ट्रपति के अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि 24 जून 1967 से पहले जौनसार में रहने वाले ब्राह्मण, राजपूत और खस्याओं को छोड़कर अन्य जौनसर जाति को ही अनुसूचित जनजाति का लाभ मिलेगा। एडवोकेट नेगी के अनुसार अध्यादेश में जानसर टाइपिंग मिस्टेक होने का लाभ उठाते हुए इसे जौनसारी कर दिया दिया गया और इसका लाभ वहां के समस्त लोग उठा रहे हैं। जबकि यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को किसी भी क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति क्षेत्र घोषित करने का अधिकार नहीं है। सरकार इसके लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजेगी और यह प्रस्ताव संसद से पास होने के बाद ही राष्ट्रपति को मंजूरी के बाद अस्तित्व में आएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नेता इस मामले में जनता को अब तक भ्रमित करते चले आ रहे हैं। एडवोकेट नेगी का तर्क है कि 1967 के बाद कोई भी अध्यादेश जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा संसद में भी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र का कोई विधेयक पारित नहीं हुआ है। आर्टिकल 244 में शेड्यूल पांच और छह में उत्तराखंड को कही भी एसटी का दर्जा नहीं दिया गया है। ऐसे में जौनसार क्षेत्र में जितने भी सर्टिफिकेट ब्राह्मणों और स्वर्ण राजपूतों को जारी हो रहे हैं वो गैरकानूनी हैं। इसका खमियाजा प्रदेश के सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ रहा है। आरक्षण के नाम पर जौनसार के नेता जनता को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। **1982 में तैयार की गई पुस्तिका में दिशा-निर्देश बिस्तार से :** भारत सरकार कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 1982 में तैयार की गई पुस्तिका (ब्रोशर) विशेष रूप से सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण से संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से दिये गये हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि राज्य में उनका किसी भी प्रकार से कोई पालन नहीं हो रहा है। इसमें कहा गया है कि अनुसूचित जाति/जनजाति का प्रमाणपत्र केवल वही अधिकारी जारी कर सकते हैं जिन्हें राज्य सरकार द्वारा "सक्षम प्राधिकारी" घोषित किया गया है (जैसे उपजिलाधिकारी/तहसीलदार)। प्रमाणपत्र जारी करने से पहले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आवेदनकर्ता का नाम/जाति राजस्व अभिलेखों या अन्य प्रामाणिक दस्तावेजों में दर्ज हो। राजस्व अधिकारियों की भूमिका लेखपाल, पटवारी, राजस्व निरीक्षक आदि की जिम्मेदारी है कि वे आवेदक के अभिलेखों की पड़ताल करें और यह प्रमाणित करें कि संबंधित व्यक्ति वास्तव में अधिसूचित जाति या जनजाति से संबंध रखता है। दि राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध न हों तो अन्य विश्वसनीय साधनों से जाँच की जाए। प्रमाणपत्र उसी व्यक्ति को मिलेगा जो राष्ट्रपति की अधिसूचना 24 जून 1967 का आदेश में उल्लिखित जाति/जनजाति से संबंध रखता हो और उसी राज्य/क्षेत्र का स्थायी निवासी हो। यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे राज्य में रहता है, तो वहाँ उसे केवल उसी स्थिति में एससी/एसटी माना जाएगा यदि उस राज्य की अधिसूचना में उसकी जाति सूचीबद्ध है। यह भी बता दें कि संसद में 2003 और 2022 में पूछे गये एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने भी माना है कि जौनसार एसटी क्षेत्र नहीं है। उन्होंने लोकसभा में 12 दिसम्बर 2022 को पूछे गये प्रश्न संख्या 786 का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ने इसके जवाब में कहा कि पूरे भारत में 700 प्लस अनुसूचित जनजातियां अधिसूचित हैं। सदन में जानकारी दी गयी कि 1967 के बाद भी उत्तराखंड में सिर्फ भोटिया, बुक्सा, जौनसारी, राजी, थारू ही जनजाति हैं और इसमें कोई अन्य नई प्रविष्टि नहीं हुई है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक 2003 में लोकसभा में भी इस संबंध में पूछे गये सवाल में यही उत्तर मिला था। लोकसभा में स्पष्ट कहा गया है कि उत्तराखंड में कोई भी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र नहीं है। स्पष्ट है कि जौनसार में रहने वाले ब्राह्मणों और क्षत्रियो को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए।




### यह एक बड़ी राजनीतिक ठगी:नेगी

एडवोकेट नेगी के मुताबिक यह एक बड़ी राजनीतिक ठगी है। नेताओं ने जहां एक ओर जौनसार की जनता को ठगकर राजनीतिक सत्ता हासिल की तो वहीं प्रदेश के अन्य योग्य अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि जौनसार क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति क्षेत्र नहीं कहा जा सकता है और न ही इसे यह दर्जा हासिल है। उन्होंने कहा कि एसटी श्रेणी से मिले सरकारी रोजगार वालों की जांच होनी चाहिए और यह नौकरियां योग्य अभ्यर्थियों को मिलनी चाहिए।एडवोकेट नेगी ने कहा कि इस मामले की लड़ाई कानूनी रूप से लड़ी जायेगी, जरूरत पड़ी तो पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे। इसके साथ वह जल्द संबंधित विभागों और केंद्र सरकार को भी शिकायत करेंगे, ताकि इस घोटाले की जांच हो सके।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) ।बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक से पास करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। टैगोर नगर दुर्गा मंदिर परिसर में समिति के स्थानीय इकाई की ओर से आयोजित समारोह का प्रदेश अध्यक्ष रवि सरकार, इकाई अध्यक्ष सव्यसाची हालदार , निर्मल सरकार, शंकर चक्रवर्ती, समीर राय, दिवाकर हलदार, पंकज राय ने शुभारंभ किया। समिति के इकाई अध्यक्ष सव्यसाची ने बताया कि समारोह में



राइका के 15, बालिका इंटर कालेज के 26, ग्रीन वर्ल्ड स्कूल के 26, राइका रुदपुर के 11, गुरुग्राम और राजनगर के तीन-तीन विद्यार्थियों सहित विभिन्न स्कूलों के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। वहां पर प्रधान नेहा सरकार, दिवाकर हालदार , सव्यसाची, सुमन हालदार , विधान सरकार, संगीता मंडल, अमल मंडल, सदानंद विश्वास, विप्लव आचार्य, हरेंद्र मंडल, रिपुसूदन, संभू साना आदि थे।

# रोडवेज कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वेतन की मांग को लेकर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कुमाऊं भर के रोडवेज कर्मी आज से कार्य बहिष्कार हड़ताल पर चले गए। जिसको लेकर कुमाऊं रोडवेज की तमाम बसों का संचालन भी ठप्प हो गया। जिसके चलते तमाम यात्री इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। इस हड़ताल से रुद्रपुर रोडवेज को भी लाखों रुपए के राजस्व की हानि होने का अनुमान है। रुद्रपुर में कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज प्रात: से ही रोडवेज कर्मियों ने वेतन न मिलने को लेकर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए हड़ताल शुरू कर दी और डिपो परिसर में धरना दिया। रोड़वेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री मनिंदर सिंह का कहना था कि 29 अगस्त को मंडलीय प्रबंधक काठगोदाम को नोटिस देकर वेतन की मांग की थी। लेकिन अब तक उनका वेतन नहीं मिल पाया। जिस पर आज उन्होंने अपना आंदोलन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह से रोडवेज कर्मियों को वेतन नहीं मिला है जिससे चालक परिचालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज कर्मियों के धरना प्रदर्शन के चलते बसें संचालित नहीं हुई जिसके चलते यात्रियों को भी फजीहत का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो 10 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। जिसमें देहरादून और टनकपुर रोडवेज कर्मी भी शामिल होंगे। रुद्रपुर रोडवेज की बस सेवा चलने के कारण लगभग 10 से 15 लाख रूपए राजस्व की हानि का अनुमान है। धरना प्रदर्शन करने वालों में मनिन्दर सिंह, बलदेव सिंह, गुरमेल सिंह, धर्मपाल कम्बोज, मनदीप सिंह, विनोद कुमार, मोहित कुमार, मनमोहन सिंह, मनोहर सिंह, अमलेश कुमार, ज्ञानचन्द अवस्थी, रामनारायण, महेश प्रसाद, जगजीत सिंह, कौशल यादव, संतोष सैनी, संतोष गिल, पवन गुप्ता, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, मनोज यादव, शशि भूषण, योगेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, सुनील भटनागर, हरप्रीत सिंह, गुरचरन सिंह, विजय पाल, पंकज सिंह, कृष्ण गोपाल, मो.आरिफ, राजकुमार, विमल कुमार, संदीप कुमार, राजवीर सिंह, प्रेम कुमार, सुरेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह, देवकीनन्दन व देवकी देवी आदि शामिल थे।



# सैकड़ों युवाओं और महिलाओं ने थामा युवा सेना का दामन

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जिले और विधानसभाओं में रविवार को युवासेना (शिवसेना) की ओर से एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष सागर रघुवंशी ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित शाह ने किया। बैठक में सैकड़ों युवा और मातृशक्ति शामिल हुए और युवासेना की सदस्यता ग्रहण कर संगठन का दामन थामा। बैठक में जिला अध्यक्ष रवि गैरोला और जिला उपाध्यक्ष दीपक पैन्यूली के नेतृत्व में संगठनात्मक विस्तार किया गया। इस दौरान युवासेना के कई पदों पर नई नियुक्तियां भी की गईं। जिला उपाध्यक्ष पद पर दीपक पैन्यूली और जिला सचिव पद पर आजाद गैरोला, अभिषेक जोशी, आयुष गैरोला, अरुण गैरोला, श्रेष्ठ नौटियाल, प्रजूमन भंडारी और लोकेन्द्र पांडे की नियुक्ति की गई। वहीं जिला सहसचिव पद पर अभिषेक जोशी, सागर भट्ट, अंकित भंडारी, आकाश नौटियाल, सौरव गैरोला और अमन कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठनात्मक विस्तार के क्रम में सहसपुर विधानसभा स्तर पर भी नियुक्तियां की गईं। सुमन गैरोला को सहसपुर विधानसभा उपप्रमुख बनाया गया, जबकि सचिव पद की जिम्मेदारी ऋतु सकलानी, सपना पैन्यूली, कमला पंत, सोनिया चौधरी, प्रमिला नौटियाल और गीता गैरोला को दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सागर रघुवंशी ने कहा कि युवासेना युवाओं के अधिकारों और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भी वंदनीय हिंदुहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे जी की हिंदुत्व विचारधारा और धर्मवीर आनंद दिघे जी की शिक्षाएं संगठन का मार्गदर्शन कर रही हैं। प्रदेशभर के युवाओंसे आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने और हिंदुत्व की रक्षा के लिए निडर होकर युवासेना से जुड़ें। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मंजीत भट्ट ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, श्रीकांत शिंदे, राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल और राष्ट्रीय समन्वयक अशोक कुमार के आशीर्वाद से उत्तराखंड में युवासेना निरंतर प्रगति कर रही है। बैठक में हिमांशु पाल, आकाश थापा, सुमित चौधरी, मनोज रावत, गुरमीत चौहान और रोहित कुमार समेत बड़ी संख्या में युवा सैनिक मौजूद रहे।



# राजीव व्यापार प्रकोष्ठ के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सांसद अजय भट्ट द्वारा राजीव जायसवाल को व्यापार प्रकोष्ठ का अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। राजीव जायसवाल द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस आशय की जानकारी देते हुए व्यापारी हितों के लिए अपनी प्राथमिकता बताई गई। उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। भविष्य में व्यापारियों की हर समस्या को सरकार के आगे



प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान कराने का प्रयास करेंगे। राजीव जायसवाल के सांसद प्रतिनिधि व्यापार प्रकोष्ठ बनने पर क्षेत्र के सभी व्यापार मंडलों में उनका स्वागत का उनसे आशा व्यक्त की कि वह सभी व्यापारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर व्यापारियों की विभिन्न विभागीय समस्याओं का समाधान कराएंगे। स्वागत करने वालों में विपिन गुप्ता, योगेश शर्मा, पंकज कपूर, राजीव अग्रवाल, गोविंद बगड़वाल, दलजीत सिंह दल्ली, मुकेश ढींगरा, वीरेंद्र गुप्ता, शाहिद सहित आदि शामिल थे।

# कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के लिए चार दावेदारों के नामों पर हुई रायशुमारी

## महानगर अध्यक्ष पद पर संजय जुनेजा के नाम पर लग सकती है मुहर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षकों दिल्ली से आये डा. नरेश कुमार, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, हरेन्द्र बोरा व संजय कुरौला द्वारा आज एक होटल में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पद के लिए की गई रायशुमारी के दौरान पद के चार प्रमुख दावेदारों सीपी शर्मा, योगेश चौहान, संजय जुनेजा व अनिल शर्मा के नामों पर चर्चा की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायशुमारी के दौरान उपस्थित कांग्रेस पार्षदों, पार्षद प्रत्याशियों व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तार से रायशुमारी की गई। जिसमें अधिकांश कार्यकर्ताओं द्वारा चारों दावेदारों के नाम पर्यवेक्षकों के समक्ष महानगर अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया गया। पर्यवेक्षकों का कहना था कि वह सभी चारों दावेदारों नामों सहित रायशुमारी की रिपोर्ट हाईकमान को सौपेंगें। जिसके पश्चात अन्तिम निर्णय हाईकमान द्वारा ही लिया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी के सभी जिला संगठनों और महानगर अध्यक्षों के पदों के लिए पर्यवेक्षकों को रायशुमारी के लिए भेजा जा रहा है। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट मिलने के बाद पदाधिकारियों का ऐलान होगा।





# काशीपुर में सीएम धामी के दौरे को लेकर डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा



काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित दो दिवसीय जनपद भ्रमण एवं कार्यक्रमों के सफल आयोजन की दृष्टि से जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने काशीपुर स्थित विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी सबसे पहले श्री ननकाना साहिब बड़ा गुरुद्वारा पहुँचे, जहाँ मुख्यमंत्री श्री धामी के आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधि कारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आसाम से अमृतसर तक नगर कीर्तन (पदयात्रा) निकाली जा रही है। इस नगर कीर्तन को काशीपुर से माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रवाना करेंगे।इसके उपरांत जिलाधि कारी श्री भदौरिया ने होटल अनन्या रेजिडेंसी का निरीक्षण किया, जहाँ मुख्यमंत्री जी का प्रबुद्धजनों से भेंट एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधि कारियों को सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधि कारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से अपनी तैयारियाँ पूर्ण करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रमों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से जनपदवासियों को राज्य सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की दिशा में हो रही प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक अभय कुमार, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूटी में अवैध शराब लेकर जा रही महिला गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। वाहन चेकिंग के दौरान पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम के उस समय होश उड़ गए, जब स्कूटी सवार महिला को पुलिस ने रोकते हुए महिला के कब्जे से बैग में रखी 67.5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस की गिरफ्त में आई महिला तस्कर सितारगंज से स्कूटी पर कच्ची शराब की तस्करी करने ऋषिकेश जा रही थी। फिलहाल पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक प्रताप सुयाल, पुलिसकर्मी चारु पंत एवं महिला पुलिसकर्मी सीमा आर्य की टीम गोला पुल के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सितारगंज की तरफ से स्कूटी संख्या यू के 14 एम 7249 पर महिला चालक को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। पुलिस के अनुसार स्कूटी चालक महिला ने पुलिस टीम को देखकर स्कूटी वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने तुरंत दौड़कर स्कूटी को पकड़ लिया। पूछताछ में स्कूटी चालक महिला ने अपना नाम पता ग्राम जगतार पुर, थाना सितारगंज निवासी 26 वर्षीय गीता कौर पत्नी राजेंद्र सिंह बताया। पुलिस के अनुसार महिला ने बताया कि स्कूटी में रखे बैग में कच्ची शराब है तथा वह उक्त कच्ची शराब को महंगे दामों पर बेचने के लिए ऋषिकेश जा रही है। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी एवं बैग से कई बड़े-बड़े पैकेट में रखी करीब 67.5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर ली। स्कूटी चालक महिला के पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद होने के बाद पुलिस टीम भी दंग रह गई। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेते हुए कच्ची शराब तथा स्कूटी को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने स्कूटी को सीज करते हुए महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर महिला को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुरुनानक डिग्री कॉलेज में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरूनानक डिग्री कालेज में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के शिक्षा समिति के प्रबंधक स. मनजीत सिंह मक्कड़, कोषाध्यक्ष स. किरनदीप सिंह विर्क, सदस्य स. हरि सिंह, स. बलजीत सिंह गाबा एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर के द्वारा, दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के सम्मान में भाषण कविता-पाठ, नृत्य, गीत आदि प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं शिक्षा दर्शन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निर्माता होते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन में आत्मसात करने और सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करने का संदेश दिया। अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह एवं सौहार्द का वातावरण रहा। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों को उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्या के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा शिवी एवं अर्शिया (बी.ए.) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रिया गुप्ता एवं श्री संजय कुमार रहे। इस कार्यक्रम में श्री गौरव मिश्रा, आनंद राम मलकीत सिंह, डॉ रूपाली सक्सेना, डॉ० नाजिया बानो, डॉ. नवनीत कौर, डॉ फरजीन डॉ० मीनाक्षी रावत, सं० प्रा० श्रीमती शीतल, श्री तरूण कुमार, श्री प्रकाश सिंह अधिकारी, कु० प्रियंका, श्रीमती सुरभी गौड़, श्री. उमेश राणा, कु. अदिति, श्रीमती सर्वजीत कौर, श्री अनुज हालदार, श्रीमती भावना, श्री राधेश्याम, श्री दुर्गेश कुमार श्री. परमानन्द, श्रीमती गंगा, श्रीमती कमला एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



# पहाड़गंज में हवाई फायरिंग का आरोपी तमंचे सहित दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा पुलिस ने तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार रात चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले। पुलिस किच्छा रोड शांति व्यवस्था, संदिग्धों की चौकिंग करते हुए खेडा पुल के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी, कुछ माह पहले पहाडगंज में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। जिससे लोगो में दहशत का माहौल है। वह व्यक्ति दूधिया बाबा मंदिर से पहले सडक के किनारे खडा है।बरेली भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंची और वहां खड़ा युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद साहिल उर्फ पिद्दा पुत्र मोहम्मद उमर निवासी सिरौली कला वार्ड 19 गोदाम के पास थाना पुलबट्टा बताया। चौकी प्रभारी के मुताबिक तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। चौकी प्रभारी ने बताया कि उस पर कुछ माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप है। पुलिस उसकी तभी से तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि कई माह पहले सिडकुल पुलिस ने चोरी के मामले में जेल भेजा था। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।



# सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजनगर रतनफार्म नं.-3 निवासी निशा हालदार ने कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर बताया कि उनके पति अभिषेक हालदार पुत्र स्व. बसंत हालदार बीते 22 जुलाई की शाम अपनी मोटरसाइकिल यूके 06एएम-2160 से घर लौट रहे थे। तभी शक्तिगढ़ शिवमंदिर वार्ड नं.-3 निवासी स्पर्श सिंघल पुत्र अशोक कुमार सिंघल ने अपनी बाइक को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सितारगंज अस्पताल और फिर हालत नाजुक होने पर हल्द्वानी के निजी हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां एक सप्ताह तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद 29 जुलाई की रात लगभग 8 बजे उनका निधन हो गया। दुर्घटना के बाद घर में शोक और अंतिम संस्कार की व्यस्तता के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। अब पीड़िता निशा हालदार ने पति की मौत का जिम्मेदार बाइक चालक स्पर्श सिंघल को ठहराते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जसपुर से पत्नी को मिलने आए कारोबारी ने गटका जहर, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां पत्नी से मिलने के लिए आए जसपुर के कारोबारी की संदिग्ध हालात में जहर खाने से हालत बिगड़ गई। पत्नी उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले गई। जहां कारोबारी ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जोशी गली जसपुर निवासी 45 वर्षीय विकास कुमार पुत्र विरेंदर कुमार कारोबारी थे। विकास की पत्नी मुखानी क्षेत्र में किराये के मकान में रहती है और एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। बताया जाता है कि शनिवार को विकास पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए हल्द्वानी आए थे। रात को संदिग्ध हालात में विकास ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। पत्नी उन्हें एसटीएच लेकर गई जहां इलाज के दौरान विकास ने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि प्रथम दृष्टया में मौत जहर खाने से हुई है। लेकिन जहर क्यों खाया इसका पता लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक विकास के परिजन भी आ गए। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# मेयर के विरुद्ध दायर होगी जनहित याचिका: गंगवार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच के अध्यक्ष केपी गंगवार ने मेयर विकास शर्मा पर हाईकोर्ट के आदेश को तोड़ मरोड़कर पेश करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जांच की मांग की है। पत्रकार वार्ता में केपी गंगवार ने कहा कि मेयर ने उच्च न्यायालय के आदेश को जनता के सामने तोड़- मरोड़ कर पेश करते हुए 1980 से किच्छा रोड रमपुरा में स्थित मां काली,बाबा भैरवनाथ के मंदिर को ध्वस्त कर दिया है और वही चंद्रदेव मंदिर के निर्माण का कार्य करा रहे हैं। गंगवार ने इसके साथ ही आरोप लगाया कि विकास शर्मा, रामपाल सिंह व अन्य ने शैलजा फॉर्म वार्ड नंबर 12 के खसरा संख्या 66,67,68 की नजूल भूमि पर कब्जा कर वहां नीलकंठ धाम बनाकर कब्जा कर रखा है।नगर निगम ने वर्ष 2021 में विकास शर्मा को कब्जा हटाने का नोटिस भी दिया है इसके अतिरिक्त वर्ष 2013 में वहां से लाखों रुपए के के पेड़ काटकर रातों-रात गायब किया जिसका मुकदमा भी पंजीकृत हुआ है इसके बावजूद निगम चुनाव के नामांकन में सरकारी जमीन पर कब्जा न होने का शपथ पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेयर की वजह से ही नगर निगम गरीब बस्तियों पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई कर रहा है वहीं पूंजी पतियों पर मेहरबान है। काशीपुर बाईपास खाली करने का माननीय उच्च न्यायालय का वर्षों पुराना आदेश है कार्रवाई की बजाय मेयर विकास शर्मा मुख्यमंत्री जी से उन्हें राहत देने की मांग कर रहे हैं। किच्छा रोड पर जो नजूल भूखंड को खाली करने के लिए माननीय उच्च न्यायालय का आदेश बता रहे हैं उसमे मा उच्च न्यायालय द्वारा सिर्फ न्यायालय की कार्रवाई समाप्त करने का आदेश दिया है। अपर जिलाधिकारी नजूल एवं स्वयं नगर निगम व राष्ट्रीय राजमार्ग ने नजूल नीति में फ्री होल्ड की फाइल दाखिल करने के आदेश दिए हैं और कहा था कि न्यायालय की कार्रवाई बंद करने के बाद ही नजूल नीति पर कार्रवाई हो सकेगी। गंगवार ने कहा कि मेयर के खिलाफ उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी। पत्रकार वार्ता में काजल गंगवार, शीला चौधरी भी मौजूद थे।



# धामी सरकार का गौवंश हत्यारों पर कड़ा प्रहार, अब तक 14 पर गैंगस्टर



## गौ संरक्षण कानून के तहत कड़ी करवाई, पिछले तीन सालों में गौ संरक्षण अधिनियम के तहत हरिद्वार में 366, उधम सिंह नगर में 108 देहरादून में 41 मुकदमे पुलिस ने दर्ज किए

देहरादून(उद संवाददाता)। सनातन के एजेंडे पर चल रही पुष्कर सिंह धामी सरकार ने देवभूमि में गौ हत्याओं को रोकने के लिए जो कड़ा कानून बनाया है उसके परिणाम सामने आए है। जानकारी के मुताबिक धामी सरकार के कार्यकाल में अब तक 14 गौ हत्यारों, तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कारवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि यूपी में बीजेपी सरकार द्वारा गौमांस की बिक्री पर सख्ती किए जाने के बाद ऐसी सूचनाएं मिल रही थी कि गौवंश हत्यारे और तस्कर उत्तराखंड के मैदानी जिलों में चोरी छिपे अपना कारोबार कर सकते है। उसी के बाद राज्य की धामी सरकार ने गौ संरक्षण कानून की धाराओं को सख्त किया जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे है। पुलिस द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार उधम सिंह नगर, हरिद्वार में सबसे ज्यादा गौकशी करने वाले अपराधियों पर सख्ती की गई है, देहरादून जिले में भी पछुवा क्षेत्र में पुलिस की सख्ती से गौवंश हत्याओं पर रोक लगी हैं। इन तीन जिलों में 25 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट पुलिस ने खोल दी है। इनमें जिसके खिलाफ भी मुकदमों की संख्या बढ़ती है उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा लगाई गई है। गौवंश तस्करी और गौहत्या कर उसके मांस की बिक्री एक गिरोह के माध्यम से ही संभव है इसलिए पुलिस ने गिरोहबंदी एक्ट को इन अभियुक्तों पर प्रभावी किया है। पिछले तीन सालों में गौ संरक्षण अधिनियम के तहत हरिद्वार में 366, उधम सिंह नगर में 108 देहरादून में 41 मुकदमे पुलिस ने दर्ज किए है। इनमें 1588 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरिद्वार में 9 ,देहरादून में 01, उधम सिंह नगर जिले में 4 अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया है। धामी सरकार के पिछले तीन साल के कार्यकाल में हरिद्वार में 11,देहरादून में 07,उधम सिंह नगर में 05 मुठभेड़ की घटनाएं पुलिस और गौवंश तस्करों हत्यारों के साथ हुई है। इन 23 घटनाओं में गौवंश मांस तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के घुटनों के नीचे गोली लगी है। ऐसा पहली बार हुआ है जब उत्तराखंड की किसी राज्य सरकार ने गौहत्या करने वालों के खिलाफ ऐसा सख्त रवैया अपनाया है। गौवंश हत्याओं में लिप्त इन अभियुक्तों के पास से अवैध असलहे, गौकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले धारदार हथियार और वाहन और कई कुंतल गौवंश मांस भी पुलिस ने जब्त किया है। ये बात भी देखने में आई है कि धामी सरकार की ऐसी सख्ती के बावजूद गौवंश की हत्या कर कारोबार करने वाले अपने घिनौने कृत्यों से बाज नहीं आ रहे और अलग अलग नए नए तरीके ईजाद करके इस अवैध कारोबार को करने में लगे है। हरिद्वार जिले में तीन दिन पूर्व की घटना में मुस्लिम महिलाओं द्वारा गौकशी और मांस तस्करी की घटना को अंजाम दिया गया जिसे देख पुलिस प्रशासन भी हैरान हुआ है। गौ मांस के हत्यारे तस्कर नए मॉडल के वाहन, वैन आदि का इस्तेमाल कर पुलिस को चकमा भी देते रहे है। बरहाल पुलिस गौवंश के संरक्षण के लिए अब पहले से सख्त दिखाई देती है।

### गौ सरंक्षण हमारी सरकार की प्राथमिकता : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्पष्ट रूप से कहते रहे है कि गौ सरंक्षण हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। उत्तराखंड देवभूमि है यहां गौवंश हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये घृणित पाप करने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्त गौ सरंक्षण कानून बनाया है। यूपी से लगते हमारे जिलों की पुलिस को ऐसी वारदातों पर कड़ी नजर और सखष्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है और उसके अच्छे परिणाम भी देखने में आए है।

# रामनगर में बरसाती नाले में बह गई बाइक,युवक सुरक्षित

रामनगर । रामनगर-भण्डारपानी मार्ग पर स्थित जनेरिया बरसाती नाले में रविवार दोपहर एक बाइक बह जाने की सूचना से प्रशासन अलर्ट हो गया। जिला कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही पुलिस, राजस्व विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रामनगर तहसीलदार मनीषा मारकाना ने बताया कि नाले में एक बाइक के साथ युवक के बहने की आशंका जताई गई थी। बरसाती पानी का उफान कम होने के बाद प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू कर बाइक को नाले से बरामद कर लिया। बरामद बाइक का नंबर UK18T3203 है। जांच में पता चला कि यह बाइक पंकज नामक युवक की है, जो मालधन पटरानी गांव का निवासी है। तहसीलदार ने जानकारी दी कि पंकज भण्डारपानी से रामनगर की ओर आ रहा था। रास्ते में उसने एक व्यक्ति को लिफ्ट दी थी। जैसे ही दोनों जनेरिया नाले के पास पहुंचे, अचानक आए उफान को देखकर वह व्यक्ति पहले ही बाइक से उतर गया। लेकिन पंकज ने जोखिम उठाते हुए बाइक नाले में डाल दी और वह भी बाइक के साथ बह गया। हालांकि उसने कुछ दूरी तक तैरकर खुद को बचा लिया और सुरक्षित घर लौट आया। इधर, आसपास के राहगीरों ने युवक के बहने की सूचना प्रशासन को दी थी। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक बरामद की और नंबर ट्रैक कर युवक के परिवार से संपर्क साधा। तब जाकर पुष्टि हुई कि पंकज पूरी तरह से सुरक्षित है। तहसीलदार मनीषा मारकाना ने लोगों से अपील की है कि बरसाती नालों के पास विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओंसे बचाव के लिए प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है,इसलिए स्थानीय लोग भी सहयोग करें।







# पंजाब आपदा राहत के लिए सचदेवा बंधुओं ने दिया आर्थिक सहयोग

गदरपुर(उद संवाददाता)। शहर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी आनंद ज्वेलर्स के प्रबंध निदेशक प्रेम सचदेवा और आनंदम ज्वेलर्स के प्रबंध निदेशक सुरेंद्र सचदेवा ने पंजाब में हाल ही में आई आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु एक सराहनीय कदम उठाया है। दोनों भाइयों ने गुरुद्वारा सिंह सभा, गदरपुर को सवा-सवा लाख रुपए की धनराशि भेंट की।यह आर्थिक सहयोग गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा पंजाब आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए चलाए जा रहे राहत कार्यों



के अंतर्गत दिया गया है। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर के अध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारियों ने सचदेवा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस सेवा भाव की सराहना की।सचदेवा बंधु पहले भी समय-समय पर सामाजिक कार्यों में सहयोग करते रहे हैं। उनके इस दान से न केवल पीड़ितों को राहत मिलेगी, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी बल मिलेगा। गदरपुर नगर के नागरिकों ने भी सचदेवा बंधुओं के इस योगदान को प्रेरणादायक बताया और ऐसे कदमों को समाज के लिए आदर्श बताया।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा ,भाजपा कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

रूद्रपुर। भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री उत्तराखंड खिलेंद्र चौधरी ने की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में विशेष रूप से जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोड़ा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना मौजूद थे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक मंडल में विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सभी गतिविधियों के संचालन के लिए जिम्मेदार प्रभारी पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया। प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज की सेवा का पर्व है। यह अवसर हमें जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पार्टी का संदेश पहुँचाने का है। हमें सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक कार्यक्रम ईमानदारी, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हो। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा हमारा प्रयास रहेगा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रत्येक गतिविधि जनहित को ध्यान में रखते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हो। इस पखवाड़े के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग तक विकास और सेवा का संदेश पहुँचाएँगे। विधायक शिव अरोड़ा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सेवा और विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। सेवा पखवाड़ा का यह आयोजन समाज सेवा के साथ-साथ पार्टी की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी उजागर करेगा। विशेष रूप से इस पखवाड़े में दो



प्रमुख अवसरों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर उनका सम्मान किया जाएगा। वहीं, 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके संपूर्ण जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिससे कार्यकर्ताओं और आमजन को प्रेरणा मिलेगी। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किए जाने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर और खेलकूद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस में सेवा का संकल्प मजबूत करने के साथ-साथ पार्टी की सकारात्मक छवि को भी स्थापित किया जाएगा। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निधरित कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक गतिविधि का सफल संचालन कर इसे ऐतिहासिक बनाएँ।उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा की समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन की शक्ति का प्रतीक बनेगा।





# प्रभारी मंत्री रेखा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले,खेल एवं युवा कल्याण व जनपद की प्रभारी के जल स्तर के बढ़ने से हुए नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा बिंदुखत्ता के इंद्रानगर क्षेत्र में मानसून में गोला नदी से ग्रामीणों की कृषि हेतु स्थाई उपाय करने की मांग की जिसपर माननीय मंत्री ने ग्रामीणों को आस्वस्त कराया कि गोला नदी से हो रहे भूकटाव की रोकथाम हेतु कार्यदाई अभियंता सिंचाई एवं वन विभाग के अधिकारीयों से नुकसान एवं सुरक्षा कार्यों आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कर लिया गया है कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कराए जा रहे हैं। इस दौरान खेल मंत्री ने अधिकारियों को क्षेत्र में हुए नुकसान का ब्रिडकुल, सिंचाई व वन विभाग शीघ्र ही बाढ़ सुरक्षा कार्यों को संपन्न कराऐं। निरिक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी रेखा कोहली, अधिशासी अभियंता





मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने रविवार को नैनीताल जनपद के विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के विभिन्न आपदा प्रवाहित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया, तथा प्रभावितों से मिली। इस दौरान माननीय मंत्री ने क्षेत्र में भारी बारिश एवं गोला नदी भूमि एवं भवनों को हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। निरिक्षण के दौरान मांननीय मंत्री ग्रामीणों से भी मिली और उनसे वार्ता की। ग्रामीणों द्वारा मुख्यतौर से गोला नदी से हर साल हो रहे भूकटाव की रोकथाम संस्था ब्रिडकुल के माध्यम से प्रस्ताव तैयार किया जा रहे है, उसके अनुरूप शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाएगा,ताकि समस्या का स्थाई समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने उप जिलाधिकारी लालकुआँ, अधिशासी की भूकटाव को रोके जाने हेतु तात्कालिक रूप से वन विभाग के माध्यम से 38 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, इसके अतिरिक्त क्षेत्र के स्थाई समाधान हेतु वन विभाग,सिंचाई विभाग एवं ब्रिडकुल के माध्यम से संयुक्त निरीक्षण आंकलन करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोला नदी के कारण हर वर्ष होने वाले भूकटाव जिससे स्थानीय लोगों को नुकसान होता है उसका स्थाई समाधान करना आवश्यकीय है, इस हेतु कार्यदाई सस्था सिंचाई दिनेश रावत, उप प्रभागीय वनाधिकारी अनिल जोशी, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, बीडीओ तनवीर असगर,भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला, दीपेंद्र कोश्यारी, कमलेश चंदोला सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि स्थानीय आदि उपस्थित रहे।

# होटल और ढाबों में ताबड़तोड़ छापेमारी

दिनेशपुर(उद संवाददाता) चार्ज संभालते ही थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। नशे के कारोबारियों के खिलाफ उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त करने का अभियान तेज कर दिया है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में दिनेशपुर पुलिस ने नगर क्षेत्र के होटलों और ढाबों में शराब परोसने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो दर्जन से अधिक होटल व्यवसायियों और शराब सेवन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। साथ ही होटल और ढाबा संचालकों को भविष्य में अवैध रूप से शराब परोसने पर कड़ी चेतावनी भी दी गई। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि 7 सितंबर को नगर क्षेत्र में होटलों, ढाबों, ठेलियों और सार्वजनिक स्थलों पर गहनता से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा दर्जन होटल और ढाबा संचालक ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसते हुए पाए गए। पुलिस ने उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। पुलिस की इस कार्रवाई से नगर के निजी होटल एवं ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि करीब दो साल बाद इस तरह की सख्त कार्रवाई नगर क्षेत्र में देखने को मिली है। इससे पूर्व अवैध व कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस अभियान दो वर्ष पहले चलाया गया था।



# बुक्सा समाज ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

गदरपुर।बुक्सा समाज के आराध्य राजा जगत देव की प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना का खुलासा न होने से बुक्सा समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना को हुए करीब छह माह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सका है।रविवार को बुक्सा जनजाति कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। इस दौरान स्वरूप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही घटना का खुलासा नहीं किया गया तो बुक्सा समाज बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।गौरतलब है कि प्रतिमा खंडित होने के बाद से ही समाज में गुस्सा है। कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर तो भाजपा ने धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। इससे समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति असंतोष और बढ़ता जा रहा है।रविवार को हुए विरोध प्रदर्शन में क्रांति प्रधान नंदपुर, भगवती देवी रूपपुर, सुमन आबादनगर, लक्ष्मी देवी सतुना वाला, कविता खेमपुर, मौसमी कोपा, गीता कूल्हा, विजय सिंह ढीमरखेड़ा, प्रीतम सिंह राजपुर फतेहगंज सहित सुखदेव सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिंह, आकाश सिंह और विजय आदि मौजूद रहे। उधर चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 100 संदिग्धों से पूछताछ की जा चुकी है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



# एडीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार शनिवार अपराहन में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय के द्वारा सरस मार्केट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस



का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे, नीरज शाह, तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिस्ट एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी से गजेंद्र पाल, आप पार्टी से जीतेन्द्र कुमार एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रमोद कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाली समाज ने गदरपुर विधायक पाण्डे का पुतला फूंका

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर विधायक अरविंद पांडे द्वारा बंगाली समाज को लेकर दिए गए बयान ने गहरा विवाद खड़ा कर दिया है। इस बयान के विरोध में रविवार को रुद्रपुर में बंगाली समाज के लोगों ने विधायक का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। समाज में भारी रोष है और लोगों ने मांग की है कि विधायक तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। समाजसेवी सुब्रत विश्वास ने सख्त लहजे में कहा कि बंगाली समाज का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विधायक ने शीघ्र माफी नहीं मांगी तो बंगाली समाज व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा और आवश्यक हुआ तो विधायक के आवास के बाहर धरना भी दिया जाएगा। विधायक द्वारा बंगाली कल्याण समिति पर की गई टिप्पणी ने समाज में और भी आक्रोश भर दिया है।



यह समिति दशकों से बंगाली समाज के अधिकारों और एकता की लड़ाई लड़ती रही है। समाज के लोगों का कहना है कि यह केवल एक संस्था नहीं बल्कि बंगाली समाज की पहचान और गौरव का प्रतीक है। पूर्व पार्षद विकास मल्लिक ने कहा कि कल्याण समिति 30 वर्षों से समाज की सेवा कर रही है और विधायक का बयान न केवल समिति बल्कि पूरे समाज का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता लगातार बंगाली समाज को ओछी नजर से देखते हैं और बांटने की राजनीति कर रहे हैं। युवा नेता अभिमन्यु साना ने स्पष्ट कहा कि यदि विधायक ने माफी नहीं मांगी तो समाज आंदोलन की राह पर उतरेगा। वहीं बंगाली कल्याण समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी परिमल राय ने कहा कि विधायक का बयान अस्वीकार्य है। कल्याण समिति समाज का मान-सम्मान और गौरव है, इसलिए विधायक को सार्वजनिक माफी मांगनी ही होगी।पुतला दहन कार्यक्रम ने यह साफ कर दिया कि बंगाली समाज अब अपमान सहन करने को तैयार नहीं है। समाज ने संकेत दिया है कि यदि विधायक ने जल्द ही माफी नहीं मांगी तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी परिमल राय, पूर्व पार्षद विकास मल्लिक, समाजसेवी आशित बाला, युवा नेता अभिमन्यु साना, उमाशंकर मंडल,जगदीश दास,सौरभ मिस्त्री, अमल बिस्वास, समाजसेविका किरण विश्वास, जय किशन मंडल, देवदास सरकार आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त भाजपा जिला कार्यकारिणी का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। स्वागत कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया, जिसमें प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, विधायक शिव अरोड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, बत्रा सुरेश कोहली सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जिले के कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें अपने कर्तव्यों में सफलता की कामना की। नव नियुक्त पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, शालिनी बोरा, शिखा हलदार, इन्द्रपाल सिंह मान, अमित पाण्डे, हिमांशु शुक्ला, जिला महामंत्री तरूण दत्ता एवं रमेश जोशी, जिला मंत्री गजेन्द्र प्रजापति, विमला बिष्ट, अक्षय अरोरा, प्रमोद मित्तल, गोविन्द मेहता, सुलोचना रावत, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, सह-कार्यालय मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, मीडिया संयोजक विजय तोमर, आई.टी. संयोजक मानस जायसवाल, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत और सोशल मीडिया सह-संयोजक सतेन्द्र दीवाकर शामिल रहे।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा संगठन जनहित की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्यरत है और नए पदाधिकारियों से उम्मीद की जाती है कि वे पार्टी के उद्देश्य और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। उन्होंने कहा कि यह समय संगठन को और मजबूत करने तथा सभी वर्गों से सम्पर्क स्थापित करने का है, ताकि समाज के विकास में भाजपा की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो।जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी एक बहुत बड़ा अवसर है, साथ ही यह कड़ी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान भी करती है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और नए पदाधिकारियों का उत्साह पार्टी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच पार्टी के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुँचाएं और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रियता दिखाएँ। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके नए कर्तव्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में समर्थ रहेंगे। इस भव्य स्वागत समारोह में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर एकजुटता और उत्साह के साथ आगामी चुनौतियों का सामना करने का संकल्प लिया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मंत्रियों के आपराधिक मामले

एक आदर्श राजनेता वही होता है, जो ईमानदार, जिम्मेदार और जन-हितैषी हो। पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनता के प्रति जवाबदेही उनके कार्य का हिस्सा हो। जो आमजन की समस्याओं और जरूरतों को भली-भांति समझे और उनका निराकरण करे। किसी भी जनप्रतिनिधि का यह मूल कर्त्तव्य है कि वह समाज में सौहार्द, शांति, सामंजस्य और सकारात्मक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहे। मगर जब जनता का चुना हुआ नुमाइंदा खुद ही आपराधिक आरोपों के घेरे में आ जाए तो इन सब आदर्शों का क्या महत्त्व रह जाता है? इस तरह के मामले जब बड़ी संख्या में सामने आने लगे तो सियासत में शुचिता के स्तर का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की एक हालिया अध्ययन रपट में खुलासा किया गया है कि देश के लगभग 47 फीसद मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी केंद्र और राज्य सरकारों के कुल मंत्रियों में से करीब आधे आपराधिक गतिविधियों में आरोपी हैं। यह आंकड़ा चौंकाने वाला और आम जनमानस को सचेत करने वाला है। सवाल है कि अगर जनप्रतिनिधियों की ही छवि इस तरह की है, तो हम किस तरह के समाज और राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं? रपट के मुताबिक, जिन मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनमें हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चालीस फीसद केंद्रीय मंत्रियों ने खुद पर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी अपने चुनावी हलफनामे में दी है। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओड़ीशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुदुचेरी में साठ फीसद से ज्यादा मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे साफ है कि राजनीति में आपराधिक छवि वाले नेताओं का दबदबा बेरोक-टोक बढ़ रहा है। मगर सबसे महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि दागदार नेताओं को संसद या विधानसभा में भेजने और सरकार का हिस्सा बनाने का मौका कौन दे रहा है? सवाल यह भी है कि जनता को कैसे पता चलेगा कि किस नेता का आचरण कैसा है और उस पर आपराधिक मामला दर्ज है या नहीं? इसका जवाब चुनाव आयोग के उस कदम में समाहित है, जिसमें सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव में अपने उम्मीदवार घोषित करने के दौरान उन पर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी भी सार्वजनिक करें। अगर कोई दल इन निर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं करता है, तो चुनाव आयोग को निश्चित रूप से उस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। यह रपट ऐसे समय पर आई है, जब हाल ही में केंद्र सरकार ने संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है, जिसमें गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी के बाद तीस दिन तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। अगर इस विधेयक को रपट के आंकड़ों की नजर से देखा जाए तो केंद्र सरकार की ओर से यह अहम पहल है। मगर इस पहलू पर गौर करना भी जरूरी है कि नीति और नीयत दोनों साफ-सुथरी, निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए, तभी व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। कानून बनाने के साथ-साथ उसे प्रभावी तरीके से लागू करना भी जरूरी है, ताकि समस्याओं को जड़ से उखाड़ा जा सके

# सीएम ने जैन धर्म गुरुओं का लिया आशीर्वाद

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में आयोजित जैन समाज सम्मेलन में प्रतिभाग किया





और जैन धर्म गुरुओं का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि आचार्य सौरभ सागर मुनि जी महाराज का जीवन संयम, त्याग और अहिंसा के अद्वितीय आदर्शों का प्रतीक है। सौरभांचल तीर्थ और जीवन आशा अस्पताल उनके दूरदर्शी नेतृत्व और करुणा के उदाहरण हैं, जो समाज को धर्म और सेवा के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म ने दुनिया को संदेश दिया है कि अहिंसा ही वीरता का धर्म है। जैन समाज ने केवल अहिंसा का ही नहीं बल्कि संगठन और सामाजिक एकता का भी अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है और इसी क्रम में उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है जिसने "समान नागरिक संहिता" लागू की है। इसके साथ ही नकल विरोधी कानून के बाद से से 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी पाने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी संरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से धर्मांतरण विरोधी एवं दंगा विरोधी कानून लागू किए गए हैं। प्रदेश में 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है। सनातन मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड के गठन के संबंध में प्राप्त सुझाव पर सरकार गंभीरतापूर्वक विचार करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जैन समाज आगे भी उत्तराखंड के समग्र विकास में सहयोग देता रहेगा। कार्यक्रम में रविंद्र मुनि जी महाराज, राजेश मुनि जी महाराज, विधायक विनोद चमोली, खजानदास, पदमश्री डॉ. आर.के. जैन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# दिलीप ने की बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष की दावेदारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पार्षद व समाजसेवी दिलीप अधिकारी ने बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करते हुए अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी शिवपद सरकार व विकास मलिक एवं मुख्य चुनाव अधिदिलीप ने की बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष की दावेदारी कारी समीर राय के समक्ष जमा किया।



इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री तरुण दत्ता उनके प्रस्तावक के रूप में थे। वार्ड नंबर 4 के पार्षद सुशील मंडल ने उनका अनुमोदन किया। इस अवसर पर नव कुमार साना, आसित बाला, संजय हालदार, मानवेंद्र राय, आदि डिलीगेट के आलावा रॉबिन विश्वास, रणजीत तिवारी, मोहन राय, सुकुमार अधिकारी, कृष्ण पद विश्वास, देवेंद्र स्वर्णकार, तपन सरकार, डॉ तपन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर दिलीप अधिकारी ने कहा कि वह बंगाली समाज के अध्यक्ष बनने के बाद पूरे उत्तराखंड का दौरा करेंगे और एक-एक बंगालियों के समस्याओं के बारे में समाधान करने के लिए सरकार से लेकर सड़क तक की लड़ाई लड़ेंगे

# पुलिस ने चलाया व्यापक वाहन चेकिंग अभियान, काटे चालान

किच्छा (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र में यातायात नियमों और पुलिस एक्ट के तहत व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 20 चालान किए। इनमें से 10 चालान बिना हेलमेट चलने वालों के खिलाफ किए गए। वहीं, ओवरलोडिंग और ओवर हाइट में चलने वाले 5 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने मौके पर 4 प्रकरणों में 2000 रुपये का नगद संयोजन शुल्क भी वसूला। मुकदमा क्रम संख्या 3725/25 से 3744/25 तक दर्ज किए गए। इसी प्रकार पुलिस एक्ट के तहत भी 81 चालान काटे गए, जिनमें से 7 मामलों में 1750 रुपये का संयोजन शुल्क लिया गया। मुकदमा क्रम संख्या 1416/25 से 1422/25 तक दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

# अमेरिकी व्यापारी पीटर नवारो का बचकाना बयान



प्रमोद भार्गव, पत्रकार/लेखक

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरूआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमन्स्य को चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है।नवारो ने 'फॉक्स न्यूज संडे' को दिए साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे ? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नसमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था ? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे।इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश की जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से







तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोशित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है। निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं। जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है। हालांकि यह संभवत: अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्रह्माण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे। ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। इन्हें बोस्टन ब्राह्मण या कुलीन कहा गया। ये बोस्टन के आम लोगों से अलग रहते थे और अभिजात्य जीवन-शैली जीते थे।वैदिक युग में भारत में कोई जाति या वर्ण नहीं थे। कालांतर में जाति का उदय हुआ। जिनकी ज्ञानार्जन और अनुसंधान में रुचि थी, वे ब्राह्मण कहलाए। जिनमें बल था, वे क्षत्रिय और जो व्यापार करने लग गए, वे वैश्य कहलाए।जो मूलत:श्रम और कृषि कार्य से जुड़े रहे, वे शूद्र कहलाए। यही बड़ा उत्पादक समूह रहा है और वर्तमान में भी है।ब्राह्मण परशुराम ने क्षत्रिय सहस्त्रबाहु अर्जुन को पराजित कर सत्ता हस्तगत कर ली थी, परंतु उन्हीं के शेष रहे वंशजों को सत्ता सौंप कर ज्ञान की सर्वोच्चता स्थापित कर दी थी। वे परशुराम ही थे,जिन्होंने गोवा के कोंकण क्षेत्र में समुद्र से भूमि खाली करके हजारों वनवासियों को खेती शुरू कराई। इनका यज्ञोपवीत संस्कार कर इन्हें ब्राह्मण बनाया और अक्षय तृतीया के दिन सामूहिक विवाह कराए। युद्ध में विधवा हुई महिलाओं के भी विवाह कराये। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

# नाइन कुमाऊ रेजीमेंट के भूतपूर्व सैनिकों ने वीरों की गाथा को याद कर दी श्रद्धांजली

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कुमाऊँ रेजीमेंट की नाइन कुमाऊँ की पलटन को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में युद्ध करने हेतु भेजा गया था।जहां नाइन कुमाऊँ रेजीमेंट ने भारत -पाकिस्तान युद्ध में महाराज के स्थान पर रेजीमेंट के वीर जवानों ने अपनी वीरता दिखाते हुए रातों रात उस स्थान पर कब्जा कर पाकिस्तानी फौज को परास्त किया था। इसी दिन को याद करते हुए नाइन कुमाऊ रेजीमेंट इसे महाराज के दिवस के रूप में याद करते हुए अपनी रेजीमेंट की वीरगाथा पर गर्व करते हुए युद्ध में देश के लिए शहीद हुए उन वीर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बागेश्वर जिले में नाइन कुमाऊँ के पूर्व सैनिकों ने अपनी रेजीमेंट पर गर्व करते हुए देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए भारत माता के उपर किसी भी देशद्रोह या टेड़ी नजर करने वालों पर अंतिम समय तक अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने का संकल्प लिया। पूर्व सूबेदार मेजर दीपक माजिला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नाइन कुमाऊँ रेजीमेंट की वीरगाथा और युद्ध मे शहीद हुए वीर जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।और सभा का आयोजन किया गया।भारत माता की जयकारे और मा कालिका मैया की जयकारे के साथ सभी पूर्व सैनिकों ने अपनी पलटन की वीरगाथा पर गर्व किया। इस दौरान नाइन



कुमाऊँ रेजीमेंट के पूर्व सैनिक और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी,नायब सूबेदार फौजी और क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत, मुख्य्य अतिथि सिपाही देब सिंह, विशिष्ट अतिथि कैप्टन जयंत गिरि, कैप्टन सुन्दर ऐठानी,कैप्टन मोहन भण्डारी, सुबेदार नारायण परिहार, दीवान सिंह मेहता, हवलदार चन्दन नगरकोटी, सुबेदार हर्ष सिंह, नायक मनोज चौहान आनरी नायब सुबेदार धरत सिंह बजेठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# संघर्ष वाहिनी ने आपदा प्रभावितों की मदद के बढ़ाए हाथ, राहत सामग्री बांटी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट विधानसभा में पौंसारी गांव में आपदा से हुई जनहानि और नुकसान से आपदा प्रभावित परिवारों को ढांढस बांधते हुए उन्हें मानवीयता के आधार पर सहयोग हेतु आगे हाथ बढ़ाने के लिए बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने अपने हाथ आगे बढ़ाए है।वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में संघर्ष वाहिनी सदस्य आपदा प्रभावितों के बीच पहुँचे।जहाँ उन्होंने आपदा प्रभावितों के हालचाल जाने और दुख की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर उनके उचित सहयोग के लिए हर समय तत्पर रहने का आश्वासन दिया।वाहिनी सदस्य सबसे पहले पौंसारी पहुँचे, और आपदा प्रभावितों का हालचाल जाना।और उन्हें अपने स्तर से उचित राहत सामग्री बांटी।और दैवीय आपदा से गांव के पांच लोगों की आपदा से मौत होने और जल्द लापता हुए दो अन्य लोगों के शव मिलने की कामना की और हादसे पर शोक व्यक्त किया।जिसके बाद वाहिनी के लोग सुमती और बैसानी में आपदा ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचें और आपदा में प्रभावित लगभग 25 परिवारों से मुलाकात कर उनका दुःख दर्द



जाना। और सभी लोगों को राहत सामग्री और राशन किट प्रदान की गई।इस दौरान टीम में संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी,अंकुर उपाध्याय जिला प्रवक्ता,सुनील पांडे जिला कोषाध्यक्ष, प्रकाश वाछमी,हरीश राम ग्राम प्रधान पोसारी, हरीश जोशी, मुकुल गड़िया, भरत गड़िया,नरेन्द्र कोरंगा, योगेश जोशी, नागेंद्र मनवाल जिला मिडिया प्रभारी, महेश नगरकोटी सह सचिव, मुन्ना,मिथुन, विनोद थापा जिला मिडिया प्रभारी,दर्शन जोशी, संस्कार भारती जिला सह सचिव, विनोद कार्की आदि मौजूद थे।

# आपदा में बहे गिरीश का शव हुआ बरामद



बागेश्वर(उद संवाददाता)।पौंसारी के खाइजर तोक में 28 अगस्त की रात को बादल फटने के कारण हुए भूस्खलन में दो परिवारों के पांच लोग मलबे में दब गए थे।जिसमें रेस्क्यू अभियान में तीन मृतकों के शव पहले ही बरामद किए गए थे। वहीं लगातार लापता हुए दो शवों की बरामदगी हेतु एसडीआरफ, एनडीआरएफ सहित पुलिस, फायर ब्रिगेड सहित ग्रामीण लगातार सघन खोजबीन अभियान चला रहे थे।वहीं रविवार को कनलगढ़ नदी के किनारे स्थित ग्राम चचई के ओखल सेरा तोक से चौथे मृतक 11 वर्षीय गिरीश चंद जोशी पुत्ररमेश चंद का शव बरामद किया गया। अब तक आपदा में मारे गए पांच में से चार शव बरामद किए जा चुके हैं। जबकि एक की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।वही गमगीन हालत में मृतक की अंत्येष्टि कर दी गई। अभी एक अन्य लापता व्यक्ति का शव खोजने हेतु अभियान जारी है।

# विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मार्मिक अपील

गदरपुर(उद संवाददाता)। पंजाब में आई भीषण बाढ़ ने हजारों जिंदगियों को अस्त-व्यस्त कर दिया है। चारों ओर पानी ही पानी है और लोग जीवन की सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रहे हैं। ऐसे में जब हर कोई बेसहारा महसूस कर रहा था,गदरपुर के विभिन्न संगठनों द्वारा सहायता के लिए नगद धनराशि ,गेहूं तथा खाद आदि एकत्र करने की अपील की गई है । कंबोज धर्मशाला में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी,रेड रोज कान्वेंट स्कूल के डायरैक्टर नैब सिंह धलीवाल, बाबा भूम्मन सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष टेकचंद कंबोज, किसान नेता अमन सिंह बठला, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह,मंगत कंबोज और निशान सिंह ने



संयुक्त रूप से कहा,जब दिल में सेवा का जज्बा हो,तो कोई भी मुश्किल बड़ी नहीं होती। घ्आपका एक कदम, किसी के लिए नई जिंदगी दे सकता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से सहायता के लिए आगे आने का आहवान किया । उनका कहना था,आप भी इस पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकते हैं। इन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आप निम्नलिखित चीजें दान कर सकते हैं गेहूँ,खाद ,बीज एवं नगद धन राशि,ताकि कोई भूखा न सोए। गर्म कंबल, चारा भी भेजा जा सकता है ।

## पेज एक का शेष...

**आपदा प्रबंधन...**विभाग की शीघ्र बैठक करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अनधिकृत आधार कार्ड, वोटर आईडी और कनेक्शन जारी करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए। बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए।सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग और सख्ती बढ़ाई जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए। गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के बाद पुनर्निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों में तेजी लाई जाए। सरकारी निर्माण कार्यों में स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता दी जाए। गांवों और शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानसून के बाद चारधाम यात्रा सतर्कता के साथ सुचारू रूप से संचालित हो। श्रद्धालुओं को खराब मौसम की जानकारी समय पर मिल जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद की मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं चालू कार्यों की रिपोर्ट 15 दिनों में मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए। ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रम, जिलास्तरीय जनसुनवाई, तहसील दिवस, बीडीसी की बैठकों एवं बहुउद्देशीय शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधनमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की विस्तृत तैयारी की जाए। सेवा, स्वच्छता और जनसुविधा की थीम पर कार्य किए जाएं। जनपदों में नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ प्रत्येक सप्ताह एक दिन स्वच्छता कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वयं प्रतिभाग करें। क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द सुचारु करने के साथ ही अभियान के तहत सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 1905 सीएम हेल्पलाइन और 1064 एंटी करप्शन कैंपेन की कार्यवाही निरंतर जारी रहे। आपदा की चुनौतियों से पार पाने के लिए डिजास्टर वालंटियर, संकट मोचन दल एवं जनपद स्तर पर मॉक ड्रिल कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा के अधिकार के तहत प्रदान किए जा रहे विभिन्न प्रमाण पत्रों को आवेदनकर्ता जिस भाषा (हिंदी या अंग्रेजी) में मांगते हैं, उसी भाषा में उपलब्ध कराया जाए। नकली दवाओं के निर्माण और बिक्री की प्रक्रिया में सम्मिलित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**बाईकोंकी भिडंत...**पुलिस मौके पर पहुँची तो वहाँ पांच युवक घायल अवस्था में सड़क पर पड़े मिले। सभी को तुरंत एंबुलेंस की मदद से हरबर्टपुर अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने लंबरपुर बरोटीवाला निवासी वेदांश (20) और आसनपुल वार्ड नंबर आठ निवासी धोनी कश्यप (20) को मृत घोषित कर दिया। वहीं हरबर्टपुर के विवेक विहार निवासी रमनदीप (17) की हालत गंभीर होने पर उसे धूलकोट स्थित एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे में आसनपुल निवासी विवेक कश्यप और शाहपुर कल्याणपुर रामगढ़ निवासी अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार धूलकोट के निजी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी और सड़क पर अंधेरा छाया हुआ था, जिसके चलते दृश्यता कम थी। प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि तेज गति और खराब मौसम दुर्घटना का कारण बने। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीषण सड़क हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

**तमंचे के साथ...**अपना नाम जयदेव बाल्मिकी पुत्र नन्हे निवासी बाल्मिकी मंदिर के पास वार्ड 19 खेडा रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा 12 बोर और कारतूस बरामद हुआ। जबकि दूसरे ने अपना नाम राजा बाल्मिकी पुत्र बाबू लाल निवासी बाल्मिकी मंदिर के पास वार्ड 19 खेडा रुद्रपुर बताया। पुलिस ने उसके पास से चाकू बरामद किया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तमंचा में कारतूस लोड कर रहा। आरोपी को चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी को लगातार दबिश दी जा रही थी। रविवार रात को पुलिस ने जयदेव के साथ उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा पूरन राम, यशपाल मेहता, महेश राम आदि शामिल रहे।

**हाईवे पर हादसों के ...**ने समर्थकों के साथ पीरूमदारा हाईवे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान हाईवे पर सांकेतिक जाम भी लगाया गया। धरने के दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने कहा कि इस मामले की लंबे समय से अनदेखी हो रही है और लगातार हो रहे हादसे आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता यहां आने-जाने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन तुरंत डिवाइडर पर लाइटिंग और सिग्नलिंग की व्यवस्था कराए ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने भी चेतावनी दी कि यह धरना केवल प्रतीकात्मक नहीं है बल्कि न्याय की मांग है। उन्होंने कहा कि रात में बिना लाइट के डिवाइडर होने से हादसे दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं और यदि 10 दिनों के भीतर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो उग्र आंदोलन के साथ चक्का जाम भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की अपील की है।

**गौला नदी में ...**उसके शव को देखा गया। पुलिस ने अचेत अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

**दरऊ गोलीकांड...**रिश्तेदारों को सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दरऊ गोलीकांड में शामिल सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी, जिसके बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था।

# रामलीला में सूर्पनखा की बुलेट एंट्री ने बाँधा समां

रामनगर(उद संवाददाता)। श्राद्ध माह के आरंभ के साथ ही भवानीगंज क्षेत्र में आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में इस वर्ष की भव्य रामलीला का शुभारंभ हो गया। आयोजन अब अपने 52वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और हर बार की तरह इस बार भी दर्शकों ने इसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अपनाया। उद्घाटन अवसर पर पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल देखने को मिला, जहां बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रामलीला मंचन की शुरुआत इस बार एक अनोखे दृश्य से हुई। सूर्पनखा का किरदार निभाने वाले कलाकार जब बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठकर मंच तक पहुंचे, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दर्शकों ने इस भव्य एंट्री का भरपूर आनंद लिया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस नजारे को देखकर गदगद हो उठे। इस रामलीला की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां





अभिनय करने वाले सभी कलाकार नि:शुल्क सेवाएं देते हैं। वे किसी मेहनताने के बजाय केवल भक्ति और परंपरा के संरक्षण की भावना से मंच पर उतरते हैं। यही कारण है कि भवानीगंज की रामलीला की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसमें उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कलाकार भी भाग लेते हैं। वन विभाग में डिप्टी रेंजर पद पर कार्यरत इंदर रावत बीते 30 वर्षों से रामलीला में सूर्पनखा और कैकई जैसे प्रमुख किरदार निभा रहे हैं। उनकी अदाकारी की मांग पूरे क्षेत्र की रामलीलाओं में रहती है। दर्शक हर साल उनकी प्रस्तुति का इंतजार करते हैं और उनके मंचन पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठती है। मंच की रंग-बिरंगी सजावट, पारंपरिक वेशभूषा और भव्य संवादों ने वातावरण को मानो रामायण काल में पहुँचा दिया।

## सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में भूलवश मेरी माता का नाम सुरेन्द्र कौर व जन्मतिथि 24.04.1970 गलत दर्ज हो गया है जबकि सही नाम छिन्दो व जन्मतिथि 01.01.1967 अपने अभिलेखों में दर्ज करना चाहता हूं।

आर्मी नं. 4492062K जसवन्त सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी ग्राम इटव्वा बाजपुर जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम RAJU PRASAD से बदलकर RAJU PRASAD GUPTA रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

राजू प्रसाद गुप्ता पुत्र शिव नाथ गुप्ता सिरौली कलां किच्छा, जिला- उधमसिंहनगर

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। समस्त नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य को क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के लिए सुरेंद्रनाथ इंटर कॉलेज परिसर में वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष व्यापारी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता पूर्व सैनिक खड़क सिंह कार्की ने तमाम जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं सम्मान को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया। वहीं शिक्षा के जगत में भी जनप्रतिनिधियों से वक्ताओं ने उम्मीद जताई है कि क्षेत्र गरीब तबके के बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित किया जाए। सुभाष व्यापारी ने कहा कि 2030 में आप सभी लोग क्षेत्र के विकास की ऐसी गाथा लिखें ताकि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में आपको प्रचार करना ना पड़े। बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष रुद्रपुर से पहुंचे चंद्रशेखर गांगुली का भी तमाम जनप्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए सम्मानित किया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ब्रिनची पद ने सुभाष व्यापारी के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य का खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन असित कुमार ने किया। इस मौके पर किसान नेता जगतार सिंह बाजवा रिजवान अली, त्रिनाथ विश्वास, सुमंगल राय, भवेश विश्वास,तेज सिंह, लक्ष्मण सिंह, नरेंद्र सिंह कोरंगा, उर्फ नमो दा, जगदीप सिंह, सत्येंद्र सिंह मांन, मनोज देवराढी, सुनीता मिस्त्री समेत भारी संख्या में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।













# विधायक पांडे के बयान से बंगाली समाज आक्रोशित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गदरपुर विधायक अरविंद पांडे द्वारा बंगाली कल्याण समिति को लेकर दिए गए बयान से समाज में गहरा आक्रोश है। समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से अपने शब्द वापस लेने और सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। रविवार को शक्तिफार्म बाजार में आयोजित प्रेस वार्ता में बंगाली कल्याण समिति के केंद्रीय उप सचिव प्रियजीत राय ने कहा कि विधायक अरविंद पांडे ने समिति पर अनुचित और निंदनीय टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि समिति समाज के उत्थान और अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है, किसी भी राजनीतिक दल से उसका कोई संबंध नहीं है। राय ने स्पष्ट कहा कि विधायक का यह बयान समाज को अपमानित करने वाला है और उन्हें तुरंत अपने शब्द वापस लेने चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य ने भी विधायक की टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बंगाली कल्याण समिति केवल समाज की भलाई के लिए कार्य कर रही है। अरविंद पांडे जैसे वरिष्ठ नेता से इस प्रकार की संकीर्ण मानसिकता की अपेक्षा नहीं थी। यदि उन्होंने अपनी गलती स्वीकार नहीं की और माफी नहीं मांगी, तो समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। गौरतलब है कि बीते दिनों दिनेशपुर में सीएए को लेकर हुई एक बैठक में विधायक अरविंद पांडे ने कहा था कि बंगाली कल्याण समिति के नाम पर कांग्रेस ने हमेशा समाज को तोड़ने का काम किया है और अब चुनाव नजदीक आते ही समिति कोई नया स्टंट करेगी। इसी बयान के बाद समाज में आक्रोश फैल गया। प्रेस वार्ता में विनय विश्वास, नरेश साना, नकुल बक्सी, सुकुमार चक्रवर्ती, महानंद विश्वास, श्रीकांत मिस्त्री, विष्णु तरफदार और अमित सरकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# शिखा हालदार बनीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति के उपरांत उधम सिंह नगर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शिखा हालदार को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से शक्तिफार्म मंडल के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार ने कहा कि शिखा हालदार भाजपा की कर्त्तव्यनिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता रही हैं। उन्होंने पूर्व में भी पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया है। उनके जिला उपाध्यक्ष बनने से सितारगंज विधानसभा और शक्तिफार्म मंडल को और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति पर बधाई देने वालों में रिपु सुदन मंडल, अमल मंडल, रविंद्र खान, अशोक माली, पंकज बसु, मीनाक्षी विश्वास, मीना मजूमदार, विश्वजीत हालदार, मयंक अग्रवाल, जगदीश डालमिया, कार्तिक राय, कृष्ण पद मंडल, विष्णुपद प्रमाणिक और किशोर राय सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।



# सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 9 में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सुरेंद्र छाबड़ा के मकान से गोविन्द सक्सेना के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य लगभग 13.90 लाख रुपए की लागत से 171 मीटर लंबाई में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिंटू) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित विजय शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर फूला रानी,वेद भगत,वार्ड न. 9 के सभासद प्रतिनिधि श्री सलीम बाबा,सुरेन्द्र छाबड़ा,प्रियंका मिश्रा, सभासद श्री सचिन गुप्ता,पारस धवन, प्रदीप अरोरा,पारस पोपली,राज अरोरा, राघव अरोरा,मनोज पांडे और आकाश कोचर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व वार्डवासी उपस्थित रहे। नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर ने बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की भागीदारी से ही नगर का समग्र विकास संभव है।वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए नगरपालिका अध्यक्ष और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।



# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता )। टैगोर नगर के आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिक रही अवैध कच्ची और पक्की शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब गांव में शराब बेचने और पिलाने वालों की खैर नहीं होगी।ग्रामीणों का कहना है कि टैगोर नगर के तीन पानी क्षेत्र में लंबे समय से ढाबों पर अवैध रूप से शराब बेची और पिलाई जा रही है। इससे न केवल युवा और बच्चे गलत राह पर जा रहे हैं, बल्कि गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। सस्ती कच्ची शराब पीकर अराजकता फैलने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं।इससे पूर्व ग्रामीणों ने शराब माफियाओं के नामों सहित शक्तिफार्म चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन इसके बावजूद बिक्री का सिलसिला जारी रहा। आक्रोशित ग्रामीण रविवार को प्रधान प्रतिनिधि आनंद सरकार के नेतृत्व में तीन पानी चौराहे पर एकत्र हुए और चिन्हित ढाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान ढाबा संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि यदि कोई भी दुकानदार शराब बेचते या पिलाते हुए पकड़ा गया तो ग्राम पंचायत उसकी ओर से जुर्माना लगाया जाएगा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा।प्रधान प्रतिनिधि आनंद सरकार ने कहा कि टैगोर नगर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की बिक्री चरम पर है, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर तय किया है कि अब इस अवैध कारोबार पर किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी मांग की कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

